# कार्यालय प्रभागीय वनाधिकारी, मीरजापुर वन प्रभाग, मीरजापुर

पत्रांक– 1077 /मीरजापुर/15 ,दिनांक, मीरजापुर, सितम्बर, 22,2015।

सेवा में,

श्री अनुराग चोखनी
अधिकृत प्रतिनिधि
वेलस्पन इनर्जी यू0पी0 प्रा0लि0
प्लाट–241/1 प्रथम तल,
बबुआ का पोखरा निकट, ब्रहमपुरी कालोनी
मीरजापुर।

विषय– जनपद मीरजापुर में 1320 मेगावाट ताप विद्युत गृह की स्थापना के सम्बन्ध में।

संदर्भ– आपका पत्र संख्या–74/WEUPPL/MZP/ 2014-15 दिनांक 01.09.2015 (प्राप्त दिनांक 09.09.2015)।

महोदय,

उपरोक्त विषयक संदर्भित पत्र के साथ ग्राम–ददरी खुर्द, तहसील–सदर, जिला–मीरजापुर में प्रस्तावित 2X660 मेगावाट ताप विद्युत गृह हेतु वाटर पाइप लाइन एवं पहुच मार्ग हेतु 7.6298 हे0 वन भूमि प्रत्यावर्तन विषयक प्रस्ताव की एक प्रति उपलब्ध कराई गई है। आप द्वारा यह उल्लिखित किया गया है कि उक्त प्रस्ताव का नोडल अधिकारी, लखनऊ द्वारा परीक्षण कर लिया गया है। परन्तु उक्त प्रस्ताव आन लाइन सबमिशन हेतु अधोहस्ताक्षरी के वेबसाइड पर अभी प्रदर्शित नही हो रहा है।

आप द्वारा प्रेषित प्रस्ताव में चिन्हित निम्न कमिया है जिनका निराकरण किया जाना आवश्यक है:–

1– उक्त प्रस्ताव में प्रदर्शित लैण्ड शिड्युल वन विभाग द्वारा संयुक्त निरीक्षण कर नही तैयार किया गया है।

2– उक्त लैण्ड शिड्युल में नई आराजी संख्या अंकित है। जिसका पुराना नम्बर (फर्द मुताबकत) उपलब्ध कराए ताकि गजट के नम्बरानों से उनका मिलान किया जा सकें।

3– प्रभावित वृक्षों की प्रजातिवार/व्यासवार गणना रिपोर्ट संलग्न नही है। जिसका वन विभाग के सम्बन्धित क्षेत्रीय वन अधिकारी से संयुक्त सर्वेक्षण कराकर सूची उपलब्ध कराई जाए।

4– जिलाधिकारी महोदय द्वारा निर्गत वनाधिकार अधिनियम–2006 से सम्बन्धित प्रमाण पत्र उपलब्ध कराये।

भवदीय

अग्रेषित
प्रशासनिक अधिकारी
मीरजापुर वन प्रभाग
मीरजापुर

(के0के0पाण्डे)
प्रभागीय वनाधिकारी
मीरजापुर वन प्रभाग मीरजापुर

संख्या– 1077 अ/समदिनांक

प्रतिलिपि– क्षेत्रीय वन अधिकारी, मीरजापुर, विण्ढमफाल व मड़िहान को इस निर्देश के साथ प्रेषित है कि बेलस्पन इनर्जी के प्रतिनिधि के साथ संयुक्त सर्वेक्षण कराकर रिपोर्ट प्रस्तुत करें।

अग्रेषित
प्रशासनिक अधिकारी
मीरजापुर वन प्रभाग
मीरजापुर

अवलोकित

के0के0पाण्डे)
प्रभागीय वनाधिकारी
मीरजापुर वन प्रभाग मीरजापुर

प्रभागीय वनाधिकरी
मीरजापुर – वन प्रभाग
मीरजापुर